दैनिक भास्कर 16-03-2023

# जीएमएन कॉलेज में दो दिवसीय 53वीं वार्षिक खेल प्रतियोगिता आज से, खली होंगे मुख्यातिथि

भास्कर न्यूज | अम्बाला

जीएमएन कॉलेज में 53वीं वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन 16 व 17 मार्च को किया जाएगा। प्रिंसिपल डॉ. रोहित दत्त ने बताया कि वार्षिक खेल प्रतियोगिता के उद्घाटन सत्र में 16 मार्च को चीफ गेस्ट अंतरराष्ट्रीय पहलवान दलीप सिंह राणा (द ग्रेट खली) उपस्थित रहेंगे। उन्होंने बताया कि इस प्रतियोगिता का शुभारंभ सुबह 10 बजे होगा। प्रतियोगिता के संयोजक सचिव बृजेश गुप्ता ने बताया कि पहले दिन 100 मीटर रेस मैन-वुमन, 50 मीटर, स्लो साइक्लिंग वुमन, 400 मीटर वुमन, 200 मीटर मैन, हॉप स्टेप एंड जंप वुमन, 50 मीटर वुमन, 800 मीटर मैन, हॉप स्टेप एंड जंप मैन, 400 मीटर मैन, 800 मीटर वुमन, शॉटपुट वुमन, 200 मीटर मैन-वुमन, शॉटपुट मैन, 50 मीटर मैन, लॉन्ग जंप वुमन तथा 1500 मीटर मैन रेस का आयोजन किया जाएगा। दूसरे दिन 17 मार्च को 3000 मीटर मैन, स्लो साइक्लिंग मैन, लॉन्ग जंप मैन, स्किपिंग रेस वुमन, सक रेस वुमन, थ्री लेग रेस वुमन, 400 मीटर मैन, 50 मीटर चाटी रेस वुमन, 50 मीटर चाटी रेस स्टाफ, चिल्ड्रन रेस टीचिंग, चिल्ड्रन रेस नॉन-टीचिंग, टग ऑफ वार, 100 मीटर टीचिंग स्टाफ रेस, 100 मीटर नॉन-टीचिंग स्टाफ रेस का आयोजन किया जाएगा।